हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 28 जुलाई 2025

06 कांवड़ यात्रा में आपके पैर नहीं आपका विश्वास ...



07 बालाजी भक्त मंडल ने निकाली कांवड़ यात्रा ...





## खबर संक्षेप

### 5 रुपए में मिलेगा नवीन विद्युत कनेक्शन

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब मात्र 5 रुपये में नवीन घरेलू कनेक्शन उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले उपभोक्ताओं को अब केवल 5 रूपये में नवीन विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह नया घरेलू कनेक्शन उन लोगों को मिलेगा जो कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के घरेलू फीडर से नियमानुसार कनेक्शन लेने की पात्रता रखते हैं।

### कृषि आधारित उद्योग लगाने पर मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी

**सीहोर।** किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम मेला भी लगाए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। कृषि उद्योग से जुड़े रोजगार परक कारखाने बनायेंगे, जहां काम करने वाले को 5 हजार रुपये महिने भी दिये जायेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गाडरवारा में गौशाला निर्माण किए जाने और सुगम परिवहन सेवा भी उपलब्ध के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि गरीब, युवा, किसान और महिला सशक्तिकरण की दिशा में तेजी से कार्य हो रहे हैं और इसका समाज में व्यापक असर भी दिख रहा है।

### सुबह बाल विहार मैदान रोड पर लग रहा जाम

**सीहोर।** बाल विहार मैदान के पास वाली सड़क पर हर सुबह जाम लगने लगा है। मजदूर वर्ग के लोग यहां सुबह जमा होते हैं। निर्माण कार्यों के लिए लोग इन्हें लेने आते हैं। मजदूरी तय करने का काम सड़क पर ही होता है। इससे रास्ता बंद हो जाता है। वाहन चालकों को निकलना मुश्किल हो जाता है। लोग बाइक और चार पहिया वाहन भी सड़क पर खड़े कर देते हैं। इससे जाम और बढ़ जाता है। यातायात पुलिस ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

### इंदौर से लौटते समय मौउखापीपलिया के पास पलटी कार

# भैरुंदा निवासी पुरोहित परिवार के तीन लोगों की सड़क हादसे में मौत

सीहोर जिले के भैरूंदा तहसील के बोरखेड़ा बामन गांव का है परिवार, वर्तमान में भैरूंदा में था निवासरत, क्षेत्र में शोक की लहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



जिले की भैरूंदा तहसील के ग्राम बोरखेड़ा बामन निवासी पुरोहित-शर्मा परिवार के तीन सदस्यों की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई, वहीं दो गंभीर रूप से घायल हो गए। परिवार कार से इंदौर से वापस आ रहा था, तभी चापड़ा-बिजवाड़ के बीच में मौखा पिपलिया के पास गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें पति-पत्नी और मां की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इंदौर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिवार वर्तमान में भैरूंदा स्थित वार्ड क्रमांक 11 गोपाल पटेल कॉलोनी में निवासरत है। घटना की सूचना मिलते ही गांव बोरखेड़ा बामन एवं भैरूंदा में शोक की लहर फैल गई। जिसने भी घटना के बारे में सुना वह गमगीन हो गया।

जानकारी के अनुसार बोरखेड़ा बामन निवासी पुरोहित-शर्मा परिवार के गोपाल शर्मा की धर्मपत्नी सुनीता शर्मा शिक्षिका अपने बड़े बेटे अभिषेक शर्मा, बहू नेहा शर्मा, छोटे बेटे एवं भाई के साथ में इंदौर से कार द्वारा वापस भैरूंदा आ रहे थे। बताया जा रहा है कि चापड़ा-बिजवाड़ के बीच में मौखा पिपलिया के पास उनकी कार दर्दनाक हादसे का शिकार हो गई। गाड़ी अनियंत्रित होकर खेत में जा गिरी, जिसमें सुनीता शर्मा, बेटे अभिषेक शर्मा, बहू नेहा शर्मा की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं छोटे बेटे एवं भाई को इंदौर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि छोटे बेटे को भी गंभीर चोंटे आई है। पैर में फ्रेक्चर भी हुआ है। भाई को भी चोंटें आईं है। फिलहाल उनका इलाज जारी है। तीनों की अंतिम यात्रा पैतृक गांव बोरखेड़ा बामन से नर्मदा तट छीपानेर के लिए रवाना हुई।

### मिलनसार था परिवार

ग्रामीणों ने बताया कि पुरोहित-शर्मा परिवार बेहद मिलनसार परिवार था। बोरखेड़ा बामन गांव उनका पैतृक गांव है, लेकिन नौकरी एवं पढ़ाई-लिखाई के लिए वे भैरूंदा में रहने लगे। त्यौहारों, अवकाश पर वे लगातार यहां आते-जाते रहते थे। गांव में हर एक व्यक्ति से मिलना-जुलना, बातचीत करना उनकी आदत में शुमार था, लेकिन अब उनकी यादें हर किसी को आएगी।

### तीन अर्थियों को देख सभी की आंखें हुईं नम



सुनीता पुरोहित, 50 वर्ष



अभिषेक पुरोहित, 35 वर्ष



नेहा पुरोहित, 30 वर्ष

भैरूंदा तहसील का बोरखेड़ा बामन गांव, जहां पर हर दिन की तरह सब कुछ सामान्य था। लोग अपनी दिनचर्या में व्यस्त थे, किसान खेतों की तरफ जा रहे थे, बच्चे स्कूलों की तैयारियों में लगे हुए थे। लोग अपने-अपने कामों पर निकलने की तैयारियां कर रहे थे, लेकिन इसी दौरान गांव में एक खबर सुनाई दी। इसके बाद गांव में पूरी तरह से मातम छा गया। जैसे-जैसे लोगों तक यह खबर पहुंची वे गमगीन हो गए और सब अपने कामों को छोड़कर पुरोहित परिवार के घर पर पहुंचने लगे। गांव में पूरी तरह से मातम छा गया। पुरोहित-शर्मा परिवार पर तो वज्रपात हो गया। परिवार के तीन सदस्यों की दर्दनाक हादसे में मौत हो गई तो वहीं दो गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद जब गांव से तीनों की अर्थियों उठी तो गांव के बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिलाएं सभी की आंखें नम हो गई और हर किसी के चेहरे पर यह दुख नजर आया। गांव वालों ने इससे पहले ऐसा दुख कभी नहीं देखा। एक साथ तीन अर्थियां देखकर कोई भी अपने आपको नहीं रोक पाया।

# हाईवे पर प्रेमी युगल ने खाया जहरीला पदार्थ, दोनों की मौत





**सीहोर।** शनिवार की देर शाम भोपाल-इंदौर हाईवे स्थित एक ढाबे पर उस वक्त सनसनी का माहौल निर्मित हो गया जब ढाबे के पास एक कार में युवक और युवती बेसुध अवस्था में मिले। राहगीरों की सूचना पर डायल 100 और एम्बुलेंस 108 मौके पर पहुंची। दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां युवती को मृत घोषित कर दिया गया।जबकि युवक ने भोपाल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती शाम लगभग आठ बजे पुलिस को सूचना मिली कि हाईवे स्थित एक ढाबे पर खड़ी कार में एक युवक-युवती बेसुध हालत में पड़े हैं।पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर दिया, जबकि युवक की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर कर दिया।बताया जाता है कि उपचार के दौरान युवक ने भी भोपाल के अस्पताल में दम तोड़ दिया था।

थाना कोतवाली पुलिस ने जब कार के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर अमलाहा टोल प्लाजा पर जानकारी जुटाई तो फास्टटेग से रजिस्टर्ड नबंर मिला। उस नंबर पर मैसेज किया गया तो पता चला कि कार में 17 वर्षीय काजल पिता सत्यनारायण ग्राम खोकरिया खंडवा एवं 23 वर्षीय विजय नवलसिंह निवासी छनेरा थे। कार मृतक विजय के दोस्त की बताई जाती है। सूचना मिलने के बाद मृतका के परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए थे जहां शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।थाना प्रभारी रविन्द्र यादव ने बताया कि मृतका के परिजनों ने हरसूद के आशापुर पुलिस चौकी पर नाबालिग को बहला- फुसलाकर अगवा किए जाने का प्रकरण दर्ज कराया था।इससे संभावना बन रही है कि प्रेम प्रसंग के चलते दोनों युवक-युवती अपने घर से भाग तो आए, लेकिन परिवार वालों के भय के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या जैसा घातक कदम उठा लिया।

प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि मृतिका काजल के परिजनों ने हरसूद के आशापुर पुलिस चौकी में दो दिन पहले काजल को अगवा करने का प्रकरण दर्ज कराया था।परिजनों से पूछताछ के बाद विस्तृत जानकारी मिल सकेगी। प्रथम दृष्टया: मामला प्रेम प्रसंग का लग रहा है।

### बिजली का दुरुपयोग पाए जाने पर होगी कार्रवाई

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि अब ई-वाहन/ई-रिक्शा आदि की चार्जिंग में विद्युत का दुरुपयोग पाए जाने पर कार्रवाई होगी। कंपनी ने कहा है कि ई-वाहन तथा ई-रिक्शा मालिकों द्वारा उनके वाहनों की चार्जिंग में बिजली का दुरुपयोग किया जाना संज्ञान में आया है। कंपनी ने कहा है कि मैदानी अधिकारियों द्वारा यदि जांच में ऐसा पाया जाता है तो वाहन जप्त कर विद्युत अधिनियम के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन पर मिलेगा अतिरिक्त राशि का उपहार:** बहनों के लिए लाड़ली बहना योजना लगातार जारी रहेगी। रक्षाबंधन में बहनों को इस योजना से अतिरिक्त राशि दी जाएगी। इस योजना की राशि 3 वर्ष में बढ़ाकर 3 हजार रुपए तक ले जाएंगे। महिलाओं को संपत्ति के पंजीयन में दो प्रतिशत की छूट दी जा रही है इसके फलस्वरुप पिछले एक साल में 70 प्रतिशत संपत्तियों का पंजीयन महिलाओं के नाम पर हुआ है। महिला सशक्तिकरण पर महिला स्व-सहायता समूहों को उद्योग लगाने के लिए भी छूट का लाभ दिया।

## भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारी को लेकर सर्व यादव समाज की बैठक संपन्न



**सीहोर।** इस वर्ष भी भगवान श्री कृष्ण जन्माष्ठमी की तैयारी को लेकर सर्व यादव समाज द्वारा भव्यता के साथ निकाले जाने वाले भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी चलसमारोह की तैयारी को लेकर रविवार, 27 जुलाई 2025 को ग्वालटोली धर्मशाला में बैठक अयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मन्नुलाल यादव ने की। बैठक का शुभारंभ भगवान श्री कृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में सर्व सहमति से लक्ष्मण यादव (लच्छु) को श्रीकृष्ण जन्माष्ठमी चलसमारोह अध्यक्ष मनोनित किया गया। लक्ष्मण यादव ने बैठक में उपस्थित समाज के सभी वरिष्ठजनों व समाज जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे जो महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है, उसका मैं पुरी सक्रीयता के साथ पालन करते हुए समाज द्वारा हमारे अराध्य भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया जावेगा और श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर नगर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव चलसमारोह बड़े धूमधाम से निकाला जावेगा। जिसमें आकर्षक झांकियाँ, अखाड़ा, घोड़े, बग्गी, सुप्रसिद्ध ढोल तोषे, बैंड, डीजे, गगन भेदी आतिशबाजी आकर्षण का केन्द्र रहेगी।।

## सीहोर कोतवाली, आष्टा, इछावर और दोराहा थाने बनेंगे मॉडल

**सीहोर।** पुलिस थानों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। जिले के चार थानों- कोतवाली सीहोर, आष्टा, इछावर और दोराहा को मॉडल थानों के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन मॉडल थानों में फरियादियों को कॉर्पोरेट कल्चर जैसा अनुभव मिलेगा। जैसे ही कोई व्यक्ति थाने पहुंचेगा, पुलिसकर्मी उससे ₹मैं आई हेल्प यूर कहकर स्वागत करेंगे। आने वालों के लिए अलग से बैठक व्यवस्था होगी और उन्हें अटेंड करने के लिए विशेष पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

आष्टा और दोराहा थानों को मॉडल थाना बनाने का कार्य अंतिम चरण में हैं। कोतवाली और इछावर थानों के लिए प्रस्ताव भेजकर बजट की मांग की गई है। सभी मॉडल थानों को आईएसओ सर्टिफाइड बनाया जाएगा। सीहोर जिले में कुल 19 थाने हैं, जिनमें महिला थाना, अजाक थाना और यातायात थाना भी शामिल हैं। पहले चरण के चार थानों के आईएसओ सर्टिफिकेशन के बाद अन्य सभी थानों को भी मॉडल बनाया जाएगा। पूर्व में बिलकिसगंज थाना मॉडल थाना था, लेकिन बाद में उस पर ध्यान नहीं दिया गया। अब उसकी स्थिति भी सुधारी जाएगी।

**एसपी ने किया थानों का निरीक्षण :** एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने रविवार को दोराहा और आष्टा थानों का निरीक्षण किया है। उन्होंने बताया कि मॉडल थानों को अधिक जनकल्याणकारी और प्रभावी बनाने के लिए हेल्प डेस्क, चाइल्ड हेल्प डेस्क, आगंतुक कक्ष, व्यवस्थित रिकॉर्ड रूम और मीटिंग हॉल जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इन थानों में बेहतर बुनियादी ढांचा, आधुनिक उपकरण और पुलिसकर्मियों के लिए बेहतर रहने की सुविधाएं भी होंगी। इन सुविधाओं के बाद थानों को आईएसओ सर्टिफिकेट मिलेगा, जिससे पुलिस सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा और आम नागरिकों को बेहतर सेवा मिल सकेगी।

## कारगिल विजय दिवस पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने वीर शहिदों को श्रद्धासुमन किए अर्पित

### भूतपूर्व सैनिकों का किया सम्मान पौधे रोपित कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



**सीहोर।** शनिवार को कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला सीहोर द्वारा कारगिल और द्रास की चोटियों पर शहीद हुए हमारे वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रविवार को भूतपूर्व सैनिकों का चिकित्सा प्रकोष्ठ भाजपा द्वारा सम्मान किया गया। चिकित्सा प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक डॉ. गगन नामदेव बताया कि देश के वीर शहीदों के नाम पर रविवार, 27 जुलाई को भूतपूर्व सैनिकों को साफा बांधकर व पुष्पहार पहना कर सम्मान किया गया। तत्पश्चात भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा इछावर रोड किनारे फल, फूल व औषधीय पौधे रोपित किये गये एवं उनकी सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड भी लगाये गये। साथ ही डॉ.गगन नामदेव ने सभी उपस्थित गणमान्य नागरिकों को को पौधों के संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई कि गर्मी के दिनों में पौधों को पानी भी दिया जावेगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदेश राय, महामंत्री राजकुमार गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन, पूर्व भाजपा अध्यक्ष सीताराम यादव, नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, गोपाल सोनी, बृजमोहन सोनी, पूर्व सैनिकों के अध्यक्ष संजय कुलकर्णी, हुकम सिंह वर्मा, मुकेश इटावदिया, अधिवक्ता संघ से बैरागीजी, रवि पारे, घनश्याम यादव व बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

### महाकाल की तर्ज पर होगी यात्रा, सोमवार को निकाली जाएगी भव्य शिव पालकी यात्रा

# पालकी यात्रा के दौरान होगा बाबा कुबेरेश्वर, बाबा केदारेश्वर और बाबा सिद्धेश्वर का अलौकिक संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



इस साल भी सिद्धेश्वर महादेव मंदिर समिति के तत्वाधान में निकाली जाने वाली शिव पालकी यात्रा इस वर्ष आस्था और उत्साह के साथ महाकाल की तर्ज पर निकाली जाएगी। समिति की बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक के दौरान सर्व सम्मति से कथा वाचक पंडित मोहितराम पाठक को अध्यक्ष बनाया गया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए शिव पालकी की यात्रा समिति के संस्थापक किशोर कौशल ने जानकारी देते हुए बताया कि गत दिनों आयोजित बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि सोमवार को सिद्धपुर के पावन धरा पर होने अलौकिक मिलन में बाबा कुबेरेश्वर, बाबा केदारेश्वर और बाबा सिद्धेश्वर का संगम होगा। इस दौरान मां श्रिपा, नर्मदा जल, महाकाल भस्म का वितरण किया जाएगा। इस मौके पर गुरुकुल के बटुकों का स्वस्ति वाचन आरती के साथ किया जाएगा। सुबह ग्यारह बजे नगर के कोतवाली चौराहे से बैंड-बाजे और डीजे, झांकियों के साथ पालकी निकाली जाएगी।

श्रावणमास के तृतीय सोमवार 28 जुलाई को भगवान भोलेनाथ की पालकी यात्रा बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ निकाली जाऐगी जिसके लिए समिति के सदस्यण युद्वस्तर पर तैयारी में जुटे है। आयोजन समिति के संस्थापक किशोर कौशल ने बताया कि सावन मास के तृतीय सोमवार को नगर शिवमय होग शिव भक्त जहां शिव पालकी यात्रा में शमिल होकर जमकर झूमेगे वही सावन के तीसरे सोमवार नगर के शिवालयों में दिन भर अभिषेक और दर्शनो के लिए शिव भक्तों का तांता लगा रहेगा सुबह ग्यारह बजे कोतवाली चौराहा स्थित श्री सिद्वेश्रवर महादेव मंदिर से पालकी यात्रा शुरू होगी जो नगर के प्रमुख मार्गा से होती हुई मनकामेश्रवर महादेव मंदिर बावडी पहुंचेगी यहां महाआरती का आयोजन किया गया है आयोजन समिति ने शहर की सभी धर्म प्रेमी बंधुओं एवं शिव भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने कि अपील की है।

## सावन के महीने और राखी के त्योहार के चलते तत्काल कर्मचारियों को वेतन जारी करे नपा : पंकज शर्मा



**सीहोर।** जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा ने एक बयान जारी कर कहा है कि पिछले दिनों स्वच्छता रैंकिंग में पूरे देश में नंबर दो तथा प्रदेश में नंबर एक पर आने वाली सीहोर नगरपालिका अपने कर्मचारियों को वेतन देने के मामले में फिसड्डी साबित हुई है और सावन के महीने और आगामी रक्षाबंधन के त्यौहार के समय भी नपा द्वारा अपने कर्मचारियों को वेतन ना देना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा है कि एक तरफ तो सीहोर नपा हर चीज में नंबर एक पर आने के लिए कर्मचारियों से दिन-रात मेहनत कराती है, तो वहीं जब उनको वेतन देने की बारी आती है तो अपने हाथ खड़े कर लेती है, ये बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। पंकज शर्मा ने सीहोर नगरपालिका परिषद से तत्काल कर्मचारियों को वेतन भुगतान करने की मांग की है ताकि वो पवित्र सावन के महीने और आगामी रक्षाबंधन के त्यौहार को अच्छे से मना सकें और उनको त्योहारों के समय आर्थिक परेशानियों का सामना ना करना पड़े। उन्होंने कहा कि वेतन समय पर मिलने से कर्मचारी और अधिक तन्मयता से अपना काम करेंगे और अगली बार सीहोर नपा पूरे देश में स्वच्छता सहित हर मामले में पहले पायदान पर होगी।

## खबर संक्षेप



### उत्तराफाल्गुन नक्षत्र में मनाई जाएगी नागपंचमी : पं. सुनील शर्मा

**सीहोर।** श्रावण मास शुक्ल पक्ष उत्तराफाल्गुन नक्षत्र 29 जुलाई मंगलवार को नागपंचमी मनाई जायेगीं। नागपंचमी के दिन श्रद्धालु नाग देवता की प्रसन्नता एवं आशीर्वाद प्राप्ति के लिये पूजा पाठ करेगे। भगवान शंकर आभूषण और भगवान विष्णु क्षीरसागर में शैय्या के रूप में पर नाग देवताको धारण करते हैं। पृथ्वी शेषनाग के फन पर विराजमान है भगवान पूरे पृथ्वी का भार अपने ऊपर उठाएं हुए है। पंडित सुनील शर्मा के अनुसार शेषनाग ने त्रेतायुग में भगवान लक्ष्मण व द्वापरयुग में भगवान बलदाऊ के रूप में पृथ्वी पर अवतार ले चुके हैं। भगवान राम व श्रीकृष्ण के साथ रहकर अनेक दुष्ट राक्षसों का बध कर धर्म की स्थापना मैं नागदेवता ने सहयोग किया एवं साधु संतों ब्राह्मणों तपस्वियों की रक्षा की। पं शर्मा के अनुसार जिस जातक की कुंडली में राहू केतु के मध्य सभी ग्रह विद्यमान होते है, उक्त जातक को कालसर्प दोष, पितृ दोष माना जाता है। कालसर्प दोष, पितृ दोष की शांति के लिये रुद्धाअभिषेक किया जाना उचित माना गया है।

### आज तीसरे सावन पर लगाया जाएगा 10 क्विंटल फलहारी प्रसादी का भोग

# कांवड़ यात्रा में आपके पैर नहीं आपका विश्वास चलता है: पंडित प्रदीप मिश्रा

### कुबेरेश्वरधाम पर रविवार को सवा लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया बाबा अभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

देश-विदेश में करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह का प्रतीक कुबेरेश्वरधाम सावन के पावन माह में लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है और यहां पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु कांवड लेकर आ रहे है। रविवार को करीब सवा लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा का अभिषेक किया, वहीं शहर के सीवन घाट से सुबह सात बजे कुबेरेश्वरधाम परिवार की ओर से कांवड निकाली गई थी, जिसमें शहर सहित आस-पास के बड़ी संख्या में कांवड यात्री शामिल थे।

कुबेरेश्वरधाम से निकाली गई कांवड यात्रा में विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, व्यवस्थापक समीर शुक्ला और आशीष वर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। करीब दो घंटे तक पैदल निकले कांवडियों का धाम पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने सम्मान किया। उन्होंने कहाकि सावन में भगवान शिव की आराधना करने वाले भक्त की बाबा मनोकामनाएं पूर्ण करता है। कांवड यात्रा में आपके पैर नहीं आपका विश्वास, आपका उत्साह चलता है। करीब 11 किलोमीटर दूर पैदल बारिश की बौछारों के मध्य अन्य कठिनाईयों का सामना करते हुए आप धाम पर आए है, हमें पूरा विश्वास और भरोसा है बाबा अपना आशीर्वाद अवश्य देगा।

**आस्था, उत्साह और समर्पण का महासंगम कुबेरेश्वरधाम:** विठलेश सेवा समिति के सेवादार मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित श्री मिश्रा ने सिद्धपुर की धरा को महातीर्थ बना दिया है, कुबेरेश्वरधाम आस्था, उत्साह और समर्पण का महासंगम है और प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु धाम पर आ रहे है। जिससे शहर में महाकुंभ के दर्शन हो रहे है। उन्होंने बताया कि सीवन नदी के तट से सामान्य कांवड के अलावा, डाक कांवड, दंडवत करते हुए श्रद्धालु भगवान भोले के जयकारों के साथ पहुंच रहे है।

रविवार को डाक कांवड के रूप में उत्तरप्रदेश के दो दर्जन से अधिक युवा सीवन नदी के तट से दौड़ते हुए डाक कांवड ले जा रहे थे, आयुष यादव ने बताया कि वह लगातार कई सालों से डाक कांवड लेकर जाते है। धर्म के पथिकों की दौड़ है डाक कांवड़। यह सिर्फ तेज गति से चलने का नाम नहीं है। यह जीवन के क्षण-क्षण को आराधना बना देने की प्रक्रिया है। बिना थके बिना रुके शिव की ओर पहुंचने की भक्ति की दौड़। इसमें आत्मा दौड़ती है। न आंखों में नींद न पैरों में विराम। केवल एक धुन एक लगन शिवालय तक पहुंचना है और शीघ्र पहुंचना है।

#### डाक कांवड़ के एक ग्रुप में लगभग 20 से 25 युवा कांवड़िए

उन्होंने बताया कि डाक कांवड़ के एक ग्रुप में लगभग 20 से 25 युवा कांवड़यि होते हैं। पवित्र गंगाजल भरने के बाद डाक कांवड लेकर अपनी बारी-बारी से दौड़ लगाते हुए लक्ष्य की ओर बढ़ते हैं। हर कांवड़यि के हिस्से में एक बार 100 से 150 मीटर तक की दौड़ आती है। प्रत्येक कांवड़यि के हिस्से में 18 से 22 किमी आते हैं। ध्यान रखना होता है कि कांवड़ खंड़ति न होने पाए।

### हनुमान जी की प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**बुधनी।** रविवार को थाना शाहगंज पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सूदोन में हनुमान मंदिर की प्रतिमा मंदिर में नहीं है प्रतिमा को छतिग्रस्त करके बाहर डाल दिया गया है पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर 298, 196बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया उच्च अधिकारियों के निर्देश पर एसडीओपी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दिनेश सिंह चौहान के नेतृत्व में टीम गठित की गई और आरोपी की पहचान के लिए जानकारी जुटाई गई इस पर मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी विशाल भल्लावी द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है पुलिस ने आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जिस पर उसने अपराध किया जाना स्वीकार कर लिया पुलिस ने घटना के समय पहने कपड़े आरोपी से जप्त किए हैं आरोपी विशाल भल्लावी पुत्र स्व गेंदा लाल भल्लावी उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम सूदोन को न्यायालय में पेश किया गया। इस मामले में निरीक्षक दिनेश सिंह चौहान उप निरीक्षक मनोज कुमार मालवीय,प्रआ देवेंद्र, प्राआ दीपक यादव,आर दीपक चौहान,चालक आर दिनेश गठोले,सैनिक देवकरण,सैनिक चिंतामन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### समग्र पोर्टल में आधार ई- केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा।

समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जायेगी। विभाग की सभी योजनाओं में आधार ई-केवायसी अनिवार्य करने, बैंक खाता आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने के निर्देश दिये है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा समग्र पोर्टल नागरिकों की आधार ई-केवायसी की कार्यवाही की जा रही है।

## वरिष्ठ साहित्यकार कवि स्व. रमेश हठीला की स्मृति में हुआ विचार और काव्य गोष्ठी का आयोजन



**सीहोर।** स्थानीय मुकेरी लाइन में कवि स्व. रमेश हठीला जी के निवास पर तफ़्तीश-ए-दिल साहित्य संस्था के तत्वावधान विचार एवं कवि काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार हरिओम शर्मा दाऊ ने की । मुख्य अतिथि के रूप में सीहोर नगर-पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर उपस्थित रहे ।

विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता ,आशीष गहलोत ,लोकेंद्र वर्मा पार्षद उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के श्रीचरणों में दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया । सरस्वती वंदना डॉ. अखिलेश हठीला ने प्रस्तुत की । अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ.विजेंद्र जायसवाल के संचालन ने काव्यगोष्ठी को उसकी ऊँचाई प्रदान करते हुए सभी कविगणों से काव्यपाठ कराया और स्वयं की प्रतिनिधि रचना का पाठ कर कवि स्व. रमेश हठीला जी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर स्वर्गीय हठीला की धर्मपत्नी गंगा देवी हठीला का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया । अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र एवं पुष्प माला पहनाकर अखिलेश हठीला, जतिन परमार, आयुश परमार द्वारा किया गया, साथ ही सभी साहित्यकारों द्वारा भी का पुष्पमाला आदि से स्वागत किया गया।

इस अवसर काव्य पाठ करने वालों में कवियों में हरिओम शर्मा दाऊ, धर्मराज देशराज, द्वारका बांसुरिया, विनोद पंसारी, हीरालाल शर्मा, लक्ष्मण सिंह चौकसे, सुरेश जयसवाल, संतोष जैन संतु, दिनेश भोपाली, अरुण श्रीवास्तव, जितेंद्र नारोलिया, गोविंद लोवानिया, कैलाश चौहान, विवेक पाराशर, धरम सिंह मालवीय, ऋषिराज मकरैया, आदित्य हरी गुप्ता ,डॉ. विजेंद्र जायसवाल , डॉ . अखिलेश हठीला , राम सिंह परमार, रोहित कुमार मधु आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वरिष्ठ साहित्यकार धर्मराज देशराज द्वारा सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित द्वारा कार्यक्रम समापन हुआ ।

## खेतों में जैविक खाद डालने का किसानों ने लिया संकल्प



**सीहोर।** रासायनिक खाद कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से खेत की मिट्टी खराब हो चुकी हैं जलधारण क्षमता में कमी के साथ उपज की पौष्टिकता और स्वाद में भी कमी आ रही है। वैज्ञानिकों की समझाइस पर रविवार को ग्राम सेवनिया के किसनों ने खेतों में जैविक खाद डालने का संकल्प लिया है।

ग्राम पंचायत भवन में आयोजित कार्यशाला में कृषि वैज्ञानिक शेखर साराभाई और मृदा विशेषज्ञ संध्या वर्मा ने कृषकों को मिट्टी परीक्षण के साथ फसल की उर्वकता बढ़ाने के सहज गुर सिखाए। म.प्र.विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी परिषद एवं प्रेम बसंत एजुकेशन एण्ड वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित

कार्यशाला का सरपंच राजेश विश्वकर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर मल्यापर्ण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कृषि वैज्ञानिक अतिथियों का मल्यापर्ण कर व शाल श्रीफल से संस्था अध्यक्ष रामनारायण श्रीवास के द्वारा स्वागत किया गया। संस्था के सचिव संतोष सिंह ने स्वागत भाषण दिया। उन्नत क्रषक प्रहलाद वर्मा ने जैविक क्रषि विषयक अपने अनुभवों को साझा करते हुए किसानों को लड्डू खाद,जीवामृत,जैविक कीटनाशक दशपर्णी,अग्नि शस्त्र,चार चटनी के विषय में उपयोगी जानकारी दी।

प्रोजेक्टर के जरिए किसानों को उन्नतक्रषि के गुर सिखाए एवं मौसम एवं मिट्टी के अनुरूप फसल बुवाई विषयक जानकारी दी। कार्यक्रम में सचिव कमलेश मेवाड़ा,जी.पी यादव सहित जागरूक क्रषक मौजूद रहे। संचालन कमल भंडारी ने किया एवं आभार अनीता श्रीवास ने व्यक्त किया पौधरोपण कर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## भारतीय संस्कृति और संस्कारों से ही संभव है पर्यावरण संरक्षण : पारुल उपाध्याय

### नवांकुर सखियों द्वारा हरियाली यात्रा अंतर्गत निकली गई कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् विकासखंड सीहोर द्वारा श्यामपुर सेक्टर के ग्राम जानपुर बावडिया में हरियाली अमावस्या से पाँच दिवसीय नवांकुर सखी- हरियाली कलश यात्रा निकाली जा रही है, इसी तारतम्य में विकासखण्ड सीहोर के श्यामपुर सेक्टर के ग्राम पंचायत जानपुर बावड़िया में कलश यात्रा निकाली गई।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पारुल उपाध्याय जिला समन्वयक म.प्र. जन अभियान परिषद सीहोर, सरपंच पवित्रा सोनानिया, प्रदीप सिंह सेंगर विकासखंड समन्वयक म.प्र. जन अभियान परिषद विकासखंड सीहोर, ग्राम की वरिष्ठ महिलाओं के द्वारा मंच पर आसीन हुई। रमेश वर्मा वरिष्ठ समाजसेवी, द्वारका प्रसाद सोनानिया सरपंच प्रतिनिधि, मुकेश सोनानिया समाजसेवी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। नवांकुर सखी - हरियाली यात्रा को ढोल की थाप पर गीत गाते एवं नृत्य करते हुए दुर्गा माँ मंदिर प्रागंण से प्रारंभ होकर ग्राम पंचायत परिसर तक पूरे ग्राम का भ्रमण करते हुए पहुंचे। नवांकुर सखियों के द्वारा सम्पूर्ण कार्यक्रम को संचालित किया गया जिसमें पौधारोपण के प्रति जागरूक करते हुए उपस्थित सभी नवांकुर सखियों को पौधे भेंट किये गए। श्रीमती पारूल उपाध्याय ने सखियों से आव्हान किया कि आगामी समय में स्वयं के द्वारा एक उदाहरण प्रस्तुत करना होगा। आप सभी आसपास के क्षेत्र के लिए अपना ग्राम उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए निरंतर प्रयास जारी रखना होगा।

इसमें नवांकुर सखी को बीज रोपित थैली का वितरण किया गया, इन थेलियों को अपने घर पर सुरक्षित रखना और इन थेलियों से पौधा बडा होने तक देख-रेख करना है और गाँव में या परिवार में किसी का जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ, किसी की पुण्य तिथि या अन्य किसी सामाजिक अवसर पर इन पोंधो को सुरक्षित स्थान पर रोपण करना व पेड़ होने तक देख-रेख करना है जिससे अपना ग्राम जानपुर बावडिया हरा भरा हो सकें। इस मौके पर कार्यक्रम संचालन नम्रता बरेठा किया और आभार हेमलता पटेल ने किया साथ ही इस मौके पर नवांकुर संस्था के अध्यक्ष अनिल सक्सेना, मेन्टर्स रवि सोनी, जितेन्द्र परमार, धर्मेंद्र चिरोलिया, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष कौशल्या बाई सचिव , सदस्य मोहिनी धनगर, अनिता वर्मा, सोनू सोनानिया, मांगीलाल वर्मा, शिवराज वर्मा, समस्त नवांकुर सखियां उपस्थित रही।

## युवाओं ने निकाली कांवड़ यात्रा



**भैरुंदा।** बोरखेड़ा ग्राम पंचायत के युवाओं ने कावड़ यात्रा निकाली गई। रविवार को सुबह नीलकंठ से मा नर्मदा से कबाड़ में जल भरकर निकले। जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्तिया, युवाओं के साथ छोटे छोटे बच्चों में भी आस्था देखने को मिली। वहीं करीब 15 किलो मीटर दूरी पैदल चलकर ग्राम बोरखेडा कला के शिव मन्दिर में भगवान महादेव का जल अभिषेक कर पूजा अर्चना की गई और प्रसादी का वितरण किया गया। निकाली गई कबाड़ यात्रा 15किमी की पैदल चले भक्तों श्रद्धालुओं का जगह ,जगह शिवभक्तों ने फूलो की वर्षाकर स्वागत किया गया। तो वहीं स्वल्पाहार एवं पेयजल कराया गया। इस दौरान कबाड़ यात्रा में शामिल मातृशक्तियां, युवाओं छोटे छोटे बच्चों ने हर हर महादेव जयकारों के साथ चल कांवरिया चल भोले ने बुलाया है की धुन पर थिरकते हुए चल रहे थे।

### स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**सीहोर।** वर्षा ऋतु में होने वाली जलजनित बीमारियों के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और दूषित जल से होने वाले रोगों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियाँ अपनाएँ। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुद्ध जल का उपयोग करने एवं जलजनित रोगों से सुरक्षा के लिए सलाह दी गई है। दूषित पानी के सेवन से उल्टी-दस्त, पेचिश, हैजा, पीलिया और टाइफाइड जैसी गंभीर बीमारियाँ होने की संभावना बढ़ जाती है। एडवाइजरी में कहा गया है कि रोगों से बचने के लिए सावधानियाँ और सुरक्षा उपाय अपनाकर स्वयं एवं परिवार को सुरक्षित करें। स्वास्थ्य विभाग एडवाइजरी में कहा है कि खानपान के लिए सदैव स्वच्छ एवं सुरक्षित उबला अथवा फिल्टर जल का ही प्रयोग करें।

### प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं को कर दिया जनता की सेवा करने के लिए रिचार्ज : राय



**सीहोर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अद्भुत आवाज में प्रसारित ज्ञानवर्धक मन की बात कार्यक्रम को सुनकर भाजपा कार्यकर्ता जनता की सेवा के लिए रिचार्ज हो गए। विधायक सुदेश राय ने रविवार को कार्यालय में टेलीविजन के माध्यम से भाजपा जिला और नगर मंडल के पदाधिकारियो और कार्यकर्ताओं के साथ ध्यानपूर्वक मन की बात कार्यक्रम को देखा और सुना। मन की बात कार्यक्रम के समापन होने के उपरांत विधायक सुदेश राय ने भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के मध्य कहां की प्रधानमंत्री ने देश की आजादी के लिए शहीद हुए क्रांतिकारीयों वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी तो वहीं उन्होंने ज्ञान विज्ञान और संस्कृति में भारत के तेज गति से दुनिया में आगे बढ़ने की प्रेरणादाई बातें बताई। उन्होंने कहा कि विश्व स्पेस डे हम सबको मानना है चंद्रयान मिशन की सफलता को सबको बताना है। उन्होंने कहा कि खेल क्षेत्र में भी हमारे खिलाड़ी नाम कमा रहे हैं। उन्होंने महान क्रांतिकारी खुदीराम बोस की प्रेरणा से भरी सत्य कथा सुनाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊर्जा में शब्दों से हम सभी भाजपा कार्यकर्ता जनता की सेवा करने के लिए आगामी दिनों के लिए रिचार्ज हो गए हैं।

### मिट्टी की सेहत सुधारने से किसान के आर्थिक हालत सुधरेंगे

# ग्राम सेवनिया में कृषि वैज्ञानिकों ने कृषकों को सिखाए मिट्टी परीक्षण के सरल गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



खेत की मिट्टी की सेहत सुधरेगी तो किसान की माली हालत में भी सुधार होगा। रासायनिक खाद कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से खेत की मिट्टी की सेहत बिगड़ चुकी है,जिससे जलधारण क्षमता में कमी के साथ उपज की पौष्टिकता,स्वाद में भी कमी आ रही है।मिट्टी को बचाने की महती जरूरत है। यह उद्गार ग्राम सेवनिया पंचायत भवन में आयोजित कार्यशाला में कृषि वैज्ञानिक शेखर साराभाई ने व्यक्त किए।

इस दौरान मृदा विशेषज्ञ संध्यावर्मा ने कृषकों को मिट्टी परीक्षण के साथ फसल की उर्वकता बढ़ाने के सहज गुर सिखाए।सरपंच राजेश विश्वकर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर मल्यापर्ण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया अतिथियों का मल्यापर्ण कर व शाल श्रीफल से स्वागत संस्था के अध्यक्ष रामनारायण श्रीवास ने किया।इस मौके पर श्रीमति वर्मा ने मिट्टी की महत्ता पर प्रस्तुत गीत को कृषकों ने सराहा। म.प्र.विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी परिषद के सहयोग से प्रेम बसंत एजुकेशन एण्ड वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संस्था के सचिव संतोषसिंह ने स्वागत भाषण दिया।ग्राम के उन्नत क्रषक प्रहलाद वर्मा(भगतजी) ने जैविक क्रषि विषयक अपने अनुभवों को साझा करते हुए किसानों को लड्डू खाद, जीवामृत, जैविक कीटनाशक दशपर्णी, अग्नि शस्त्र, चार चटनी के विषय में उपयोगी जानकारी दी।इस दौरान वैज्ञानिकों ने प्रोजेक्टर के जरिए उन्नतक्रषि के गुर सिखाए एवं मौसम एवं मिट्टी के अनुरूप फसल बुवाई विषयक जानकारी दी।

कार्यक्रम में सचिव कमलेश मेवाड़ा,जी.पी यादव सहित जागरूक क्रषक मौजूद रहे।संचालन कमल भंडारी ने किया एवं आभार अनीता श्रीवास ने माना पंचायत भवन प्रांगण में इस मौके पर पौधरोपण किया गया।स्नेह भोज एवं प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। महिलाओं सहित ग्रामिणों ने कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भागीदारी की।

# शुभम कुशवाहा बने लव-कुश जयंती चल समारोह अध्यक्ष

**सीहोर।** श्री बजरंग मंदिर पर वीर पराक्रमी भगवान लव कुश की जयंती के संबंध में हुई चल समारोह का अध्यक्ष भोपाल नाका निवासी शुभम कुशवाहा को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया।

चल समारोह 25 अगस्त सुबह 11:00 बजे से भोपाल नाका श्री बजरंग मंदिर से प्रारंभ होकर इंग्लिशपुरा, कोतवाली चौराहा मेन रोड होते हुए तहसील चौराहा शुगर फैक्ट्री चौराहा पर श्री सुंदर गार्डन पर समापन होगा। शुभम कुशवाहा की नियुक्ती पर पटेल लखन लाल कुशवाहा, कमलेश कुशवाहा, दिनेश कुशवाह पप्पी, पूनम चंद कुशवाहा, मनोहर कुशवाहा



रामचंद्र कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, मनपाल कुशवाहा, हेमराज कुशवाहा , बाबूलाल कुशवाहा, अमर सिंह कुशवाहा, द्वारका, मनोज कुशवाहा कमलेश कुशवाहा पान, शिवनारायण कुशवाहा, नीलेश कुशवाहा गोपाल कुशवाहा, लखन लाल कुशवाहा, बनवारी कुशवाहा, रामनरेश कुशवाहा, रमेश कुशवाहा, राहुल कुशवाहा, भगवत कुशवाहा सुरमा पटेल ने बधाई दी।

प्रदेश भर में बंद हुई आपूर्ति विभाग की ऑफिशियल वेबसाइट, नए आवंटन का कर रहे इंतजार

# जिले की राशन दुकानों से 20 करोड़ बाजार मूल्य का 5 हजार टन राशन किया गायब

*सत्यापन के नाम पर अधिकारियों ने की अनियमितताएं, आपूर्ति विभाग के पास कोरोना के समय का डेटा उपलब्ध नहीं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा/राजगढ़

स्मार्ट पीडीएस के नाम पर आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने जिले भर में हजारों टन राशन मूव हटाना कर दिया है या सरल शब्दों में कहें तो गायब कर दिया है। पीओएस मशीन एवं राशन दुकानों में भौतिक रूप से उपलब्ध राशन में एकरूपता लाने के लिए आपूर्ति अधिकारियों द्वारा किया गया सत्यापन ही संदेह के घेरे में है। जिले भर की विभिन्न राशन दुकानों से राशन को मशीनों से हटाने के मामले सामने आए है। ब्यावरा, राजगढ, खिलचीपुर और सारंगपुर की अधिकतर राशन दुकानों से कुल मिलाकर 5 हजार टन से ज्यादा राशन पीओएस मशीनों से हटा दिया गया है। इस बारे में जब आपूर्ति अधिकारी से बात की गई तो उन्होंनें इसे कोरोना के समय का होना बताया परंतु जैसे ही उस समय के हितग्राहियों का डाटा मांगा गया तो उन्होंने राशन दुकानदारों पर बात टालते हुए उससे बचने का प्रयास किया। इससे मामले की गंभीरता को समझा जा सकता है कि विभाग के जिम्मेदारों ने बिना किसी प्रमाण के हजारों टन राशन पीओएस मशीनों से हटा दिया।

### प्रदेश भर में बंद हुई आपूर्ति विभाग की ऑफिशियल बेवसाइट

विभाग के द्वारा अपने उलझे हुए डाटा को छुपाने के चलते पिछले 5 दिनों से ऑफिशियल बेवसाइट को ही बंद कर रखा है जिससे पुराने डाटा को छुपाया जा सके जब तक की नया आवंटन राशन दुकानों तक नहीं आ जाता उल्लेखनीय है कि जून में सरकार द्वारा 3 माह ;जून, जुलाई अगस्त द्ध का आवंटन हितग्राहियों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया गया था जिस पर जिला कलेक्टर डॉ गिरीश मिश्रा ने भी एक समय सीमा में राशन बांटने को लेकर एक आदेश भी जारी किया था


जिला आपूर्ति अधिकारी सहित जेएसओ ब्यावरा रिकॉर्ड बताने में असमर्थ

आपूर्ति विभाग का खेल! अकेले ब्यावरा ब्लॉक से 6.73 करोड़ का 1672 टन राशन गायब

122 राशन दुकानों में से 98 दुकानों का राशन हुआ मूव

जिला आपूर्ति अधिकारी को पता ही नहीं कई टन गेहूं-चावल दुकानों से हुआ 'मूव'

फैक्ट फाइल

| राशन | गायब (मूव) |
|---|---|
| गेहूं | 784.28 टन |
| चावल | 845.95 टन |
| नमक | 24.02 टन |
| मोटा अनाज | 5.13 टन |
| शकर | 2.49 टन |
| मूंग | 0.35 टन |

जिला आपूर्ति ने नहीं बनाई सत्यापन के लिए कोई टीम

राशन कम कराने शहर में दलाल सक्रिय, हरिभूमि जल्द करेगा डी-कोड

इनका कहना है...

इसके बाद भी कई जगह राशन दुकानों पर 15 जुलाई तक भी आवंटन नहीं पहुंच पाया था। और कई जगह से हितग्राहियों को एक एक माह का राशन देने के मामले भी सामने आए है।

### जिले भर में 5 हजार टन से ज्यादा राशन पीओएस मशीनों से हटाया

राजगढ जिले के 4 ब्लॉक जिनमें ब्यावरा, राजगढ, खिलचीपुर एवं सारंगपुर शामिल है उनमें से कुल .19 करोड 95 लाख 59 हजार 880 बाजार मूल्य का राशन मूव किया गया है उल्लेखनीय है कि इसमें ब्यावरा ब्लॉक 6करोड73 लाख भी जोड़ा गया है।

### राजगढ ब्लॉक की 58 दुकानों की पड़ताल

837784 किलो चावल 45 रूप्ए किलों के हिसाब से 3करोड 77लाख 280,1446276 किलों गेंहू बाजार कीमत 35 रूप्ए किलो से 5करोड 6 लाख 19 हजार 660, 85631 किलो नमक कीमत 20 प्रति किलों से 17लाख 12हजार 620,533 किलो मूंग बाजार कीमत 100 प्रति किलो के हिसाब से 53300, 11451 किलो खडा अनाज बाजार कीमत 50 प्रति किलो 572550,7714 किलो शकर बाजार कीमित 40 प्रति किलो 3लाख 8 हजार 560 हुई। इस तरह राजगढ की राशन दुकानों से मूव हुए राशन 2389 टन 389 क्विंटल हुआ जिसकी बाजार कीमत लगभग 9 करोड 9 लाख 66 हजार 970हुई।

### खिलचीपुर ब्लॉक 35 दुकानों की जानकारी

242217 चावल बाजार कीमत 1 करोड 8 लाख 99 हजार 765,489283 गेंहू की बाजार कीमत 1 करोड 71लाख 24 हजार 905, 23476 नमक की कीमत 4लाख 69 हजार 520, 3990 मूंग की कीमत 3 लाख 99 हजार , 1241 खडा अनाज 62 हजार 50 एवं 105 शकर की कीमत 12 हजार 480 हुई। इस तरह कुल राशन 763 टन 312 क्विंटल मूव हुआ जिसकी कुल बाजार कीमत 2 करोड 89लाख 61हजार 720 आंकी जा सकती है।

### सारंगपुर ब्लॉक 16 दुकानों की जानकारी

45742 किलो चावल की कीमत 20 लाख 58 हजार 390, 256 किलो नमक कीमत 5 हजार 120, 293074 किलो गेंहू की कीमत 1 करोड 2लाख 57 हजार 590 ,25 किलो मूंग 2500 ,227 किलो खडा अनाज 11हजार 350 ,31 किलो शकर की कीमत 1240 आंकी गई। कुल मिलाकर 339 टन 355 क्विंटल राशन सारंगपुर से मूव किया गया और इसकी बाजार कीमत 1 करोड 23 लाख 31 हजार 190 हुई।

### आदेश प्राप्त हुआ है

हमारे पास आदेश प्राप्त हुआ था उसी आधार पर काम किया जा रहा है कोरोना के समय का डेटा हमारे पास नहीं है वह दुकानदारों के पास ही होगा।

**अजीत सिंह,** जिला आपूर्ति अधिकारी राजगढ

---

साल 2022 में हुई थी हत्या की वारदात

## प्रेमी संग मिलकर पति की हत्या पत्नी सहित प्रेमी को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या करने वाली पत्नी और उसके प्रेमी को न्यायालय ने सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोनों आरोपियों पर न्यायालय ने अर्थदंड भी अधिरोपित किया है।

### क्या है पूरा मामला

जिला लोक अभियोजक आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि 22 जनवरी 2022 को बैरियाखेड़ी निवासी मदनसिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह अपने घर पर सो रहे थे। सुबह करीब 5 बजे उसके लड़के रामदिनेश मीना की पत्नी ज्योतिबाई रोते-रोते गांव स्थित दूसरे मकान से आई और बोली की दक्ष के पापा(रामदिनेश) का शव कमरे में खून से लतपथ पड़ हुआ है। ससुर मदनसिंह ने जब बहू ज्योति से पूछा कि यह कैसे हुआ तो ज्योति ने कहा कि वो छत वाले कमरे में सो रही थी वहीं पति रामदिनेश नीचे वाले कमरे में सो रहे थे। जब वो उठकर आई तो पति का शव पलंग पर खून से लतपथ पड़ा हुआ मिला। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही उपरान्त सूक्ष्मता से जांच करते हुए मृतक की पत्नी ज्योति से सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपने प्रेमी चैनसिंह के साथ मिलकर पति की हत्या करना कबूल कर लिया। इसी मामले में परिस्थितिजन्य साक्ष्यों सहित अन्य गवाहों एवं सबूतों की बिना पर तहसील न्यायालय ब्यवरा में पदस्थ प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश रजनी प्रकाश बाथम ने दोनों आरोपियों को सश्रम आजीवन कारावास से दंडित किया है।

## राजगढ़ नगर में 11 से 5 बजे तक गुल रही बिजली

**राजगढ़।** बारिश के मौसम में तेज हवाओं, तूफान इत्यादि के चलते क्षतिग्रस्त हुई लाईनों में सुधार कार्य किया जाना है। इसी के चलते विद्युत विभाग द्वारा आज 27 जुलाई को 33/11 केवी उपकेंद्र राजगढ़ में तार बदलने सहित अन्य आवश्यक मेंटनेन्स कार्य किया गया। उक्त मेंटनेंस के कारण आज रविवार सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक सम्पूर्ण राजगढ़ नगर की बिजली गुल रही। विद्युत वितरण कंपनी के राजगढ़-शहर कनिष्ठ यंत्री शिवांश त्रिपाठी ने बताया कि मेंटनेंस के समय को आवश्यकतानुसार घटाया या बढ़ाया जा सकता है। स्थानीय वार्ड क्रमांक-4 के मुख्य मार्ग के बीचों-बीच लगा विद्युत पोल रहवासियों सहित वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। ऐसे में वार्ड के बाशिंदों ने कंपनी के अधिकारियों से मांग की है कि सभी की परेशानियों को देखते हुए उक्त पोल को बीच रास्ते से हटवाकर अन्यत्र शिफ्ट करवा दिया जाए।

---

कीचड़ भरे रास्ते से लोग हुए परेशान, जिम्मेदार मौन

## बालाजी भक्त मंडल ने निकाली कांवड़ यात्रा, जगह-जगह किया गया स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶अकोदिया

बालाजी भक्त मंडल अकोदिया द्वारा श्रावण मास के पावन अवसर पर भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। जो चित्रकूट धाम आश्रम, रानी बड़ौद तक निकाली गई। इस विशाल यात्रा में हज़ारों की संख्या में श्रद्धालुजन शामिल हुए। भक्ति और आस्था के वातावरण में भक्तों ने ढोल-नगाड़ों और भजनों के साथ चित्रकूट धाम पहुंचकर 12 ज्योतिर्लिंगों का जलाभिषेक किया। कांवड़ यात्रा नगर के कई स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। हालांकि श्रद्धालुओं को इस पावन यात्रा के दौरान गंदगी और कीचड़ से भरे रास्तों के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मेन रोड से लेकर चित्रकूट धाम आश्रम तक का मार्ग अत्यंत खराब स्थिति में है, जहां गंदा पानी और कीचड़ ने भक्तों की यात्रा को कठिन बना दिया। श्रावण माह में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु चित्रकूट धाम आश्रम पहुंचते हैं, और वर्षभर भी यहां भक्तों का आना-जाना लगा रहता है। इसके बावजूद स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा इस मार्ग की अनदेखी की जा रही है। जब इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव अजब सिंह मेवाड़ से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर मुरम डालने की बात सरपंच से की जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि ऊंचावद से रानी बड़ौद तक जो रोड बन रही है, उस निर्माण कार्य से संबंधित ठेकेदार को भी समस्या के समाधान के लिए कहा जाएगा। उक्त विषय पर ठेकेदार महेंद्र सोनानिया से चर्चा करने पर उन्होंने स्पष्ट किया कि उस स्थान पर उनके द्वारा कोई भराव या निर्माण कार्य नहीं किया गया है, और अब इस रास्ते की जिम्मेदारी पंचायत की है। इस संबंध में जब हमारे संवाददाता ने शुजालपुर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने मांग की है कि इस मार्ग की शीघ्र मरम्मत कराई जाए ताकि धार्मिक स्थलों तक पहुंचना सुगम हो सके और किसी भी प्रकार की दुर्घटना या असुविधा से बचा जा सके।

कलेक्टर के सख्त निर्देशों के बाद...

## ई-फाइल सिस्टम की अफसर कर्मचारियों को दी समझाइश



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

विगत दिनों कलेक्टर ने सभी विभागों को तल्ख निर्देश दिए हैं कि मेनुअल की जगह ई-फाईल सिस्टम पर तेजी से काम किया जाए ताकि कार्य में पारदर्शिता के साथ पेंडेंसी भी काफी हद तक खत्म हो सके। ई-फाईल सिस्टम के तहत सप्ताह की समीक्षा में स्वास्थ्य विभाग की कई फाईलें कलेक्टर को लंबित नजर आई थीं जिस पर उन्होंने तुरंत सभी लंबित फाईलें निपटाने के निर्देश दिए गए थे। इन्हीं निर्देशों के पालन में सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल ने शनिवार को कार्यालयीन अवकाश होने के बावजूद समस्त स्टॉफ को सुबह 10 बजे बुलाकर पेंडिंग ई-फाईलों को पूर्ण कराया। तुंरत समस्त पेंडिंग फाईलों और उससे संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों की क्लास लगा साथ ही इस काम को करने में आ रही परेशानियों को दूर करने के लिए प्रजेंटेशन के माध्यम से समस्त कार्यालयीन अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित भी किया। अब ई-फाईल सिस्टम सीएमएचओ कार्यालय सहित सिविल सर्जन कार्यालय में गति से चल सकेगा।

### क्या हैं ई-फाईल सिस्टम के लाभ

ई-फाईल सिस्टम सरकारी कार्यालयों के कामकाज में बड़ा क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है। इस डिजिटल पहल का उद्देश्य फाईलों के संचालन को तेज, पारदर्शी और कुशल बनाना है। अधिकारी किसी भी फाईल पर कहीं से भी और कभी भी काम कर सकते हैं। इससे निर्णय लेने की प्रक्रिया में तेजी आएगी और जनता से जुड़े हुए कामों का पूरा करने में लगने वाला समय भी कम हो जाएगा। इस सिस्टम से फाईलों की आवाजाही का एक डिजिटल रिकार्ड रहता है। किस चरण पर फाईल किसके पास है, और उस पर क्या काम हुआ है, क्या टिप्पणी की गई है, यह सब आसानी से ट्रेक किया जा सकता है। इससे अधिकारी और कर्मचारियों की जवाबदेही तय होती है और देरी या अनियमित्ता का पता लगाना आसान हो जाता है।

## फ्रेंचाइजी के नाम पर हुई साइबर ठगी के 5 आरोपी यूपी, बिहार से गिरफ्तार

साढ़े पांच लाख नकद, ठगी के उपकरण किए बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

शासन और पुलिस के लाख जागरुकता अभियानों के बावजूद साइबर ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। हालांकि, अधिकतर मामलों में पुलिस आरोपियों तक पहुंचने में कामयाब हो रही पर अभी भी बढ़ते साइबर अपराधों को लेकर आमजनों को और जागरुक होने की आवश्यकता है। इसी कड़ी में जिले तलेन थानाक्षेत्र के तहत एक व्यक्ति के साथ फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर हुई करीब साढ़े पांच लाख रुपए की साइबर ठगी के 5 आरोपियों को पुलिस ने उत्तरप्रदेश और बिहार से गिरफ्तार किया है। सायबर सेल की एक्सपर्ट की टीम सहित अन्य तकनीकी मदद के आधार पर जिला पुलिस को यह सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने शनिवार दोपहर कन्ट्रोल रूम में प्रेसवार्ता आयोजित कर पूरे मामले पर प्रकाश डाला।

### बदमाशों ने ऐसे लिया था झांसे में

तलेन क्षेत्र के नाहली निवासी अरविंद सिंह मकवाना ने यूट्यूब के माध्यम से डेलहाईवेरी पार्टलर नाम की वेबसाइट पर अपने उत्पादों की डिलेवरी के लिए फ्रेंचायजी प्राप्त करने का प्रयास किया था। उक्त वेबसाइट से जुड़े व्यक्तियों द्वारा फ्रेंचायजी देने के नाम पर फरियादी मकवाना से जरूरी दस्तावेज प्राप्त कर विभिन्न बैंक खातों में 2 लाख 18 हजार 765 रुपए ट्रांसफर करवाए। इसी तरह वाल्मो पार्टनर डॉट इन नाम की वेबसाइट पर भी फ्रेंचायजी हेतु आवेदन किया। इस वेबसाइट से जुड़े व्यक्तियों ने भी श्री मकवाना को झांसे में लेकर विभिन्न बैंक खातों में 3 लाख 31 हजार के लगभग राशि ट्रांसफर करवाई। जब काफी समय तक फ्रेंचायजी मिलने का नियुक्ति पत्र प्राप्त नहीं हुआ और संबंधितों के मोबाइल नंबर भी बंद मिले तो मकवाना को अपने साथ ठगी होने की बात मालूम हो पाई।

### शिकायत के बाद पुलिस ने शुरू की विवेचना

फरियादी ने तलेन थाने में लिखित शिकायत दर्ज करवाई गई जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना आरंभ की। साइबर ठगी की पड़ताल के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एक विशेष टीम बनाई गई।

इस टीम ने तकनीकी जांच एवं संकलित डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर ठगी में प्रयुक्त मोबाइल नंबरों, ई-मेल आईडी, बैंक खातों आदि से इस ठगी का संबंध में बिहार से होना साबित हुआ। अततः काफी प्रयास करने और 2 हजार किमी तक सफर करने के बाद उक्त ठगी के पांचों आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने आरोपियों के पास से 5 लाख 50 हजार रुपए नकद सहित 2 लेपटॉप, 01 डेस्कटॉप कम्प्यूटर, 03 मोबाइल बरामद किए हैं। गिरफ्तार हुए आरोपियों में राजकुमार उर्फ आर्यन सिकरवार निवासी यूपी, टिंकू कुमार निवासी बिहार, अभिषेक राजपूत, राहुल सिंह राजपूत एवं गोलू उर्फ विक्रम सिंह शामिल हैं।

---

## जिला कार्यकारिणी की बैठक में पर्यटन विकास पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



विदिशा की पुरातत्व, पर्यटन और सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले के ऐतिहासिक स्थलों को अधिक प्रचारित करने, पर्यटन सुविधाएं बढ़ाने तथा युवाओं और विद्यार्थियों को पर्यटन से जोड़ने पर जोर दिया गया। बैठक में टूरिज्म मास्टर प्लान तैयार करने, सांची आने वाले पर्यटकों को विदिशा की ओर आकर्षित करने हेतु होर्डिंग लगाने, पर्यटक रूट तैयार कर बस सेवाएं उपलब्ध कराने और पर्यटन स्थलों का बुकलेट, पोस्टकार्ड व विज्ञापन के माध्यम से प्रचार करने के निर्णय लिए गए। इसके अलावा, एडवेंचर कैंप, सांस्कृतिक महोत्सव और फूड फेस्टिवल जैसे आयोजनों के साथ प्रमुख पर्यटन स्थलों पर पेयजल, शौचालय, पार्किंग जैसी सुविधाएं विकसित करने पर चर्चा हुई। होटल व्यवसायियों, गाइडों और स्वयंसेवी संगठनों से समन्वय स्थापित कर पर्यटन को नई दिशा देने का निर्णय भी लिया गया। रेलवे स्टेशन पर फोटो गैलरी लगाने और नए पर्यटन स्थलों की संभावनाएं तलाशने पर भी विचार किया गया।

जत्थे में विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता शामिल

## बाबा अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालु हुए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़




27 जुलाई से 7 अगस्त तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा के लिए पूरे देश से हजारों श्रृद्धालुओं ने अपना पंजीयन करवाया है। इसी कड़ी में राजगढ़ जिले से भी विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के 22 कार्यकर्ता अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुए। विहिप जिलाध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना होने से पूर्व दल में शामिल सभी सदस्यों का पुष्पाहार से स्वागत करते हुए सभी के सकुशल लौटने की कामना की गई।

मध्य भारत प्रांत के सभी कार्यकर्ता बाबा अमरनाथ सहित मां वैष्णोदेवी के दर्शन उपरान्त 1 अगस्त को वापस जिले में लौटेंगे। विहिप एवं बजरंग दल द्वारा कश्मीर में अल्पसंख्यक हिन्दुओं के उत्साहवर्धन के लिए यह यात्रा प्रतिवर्ष निकाली जाती है। कुछ समय पूर्व पहलगाम में हुए आंतकी हमले के चलते इस वर्ष की यात्रा बेहद संवेदनशील मानी जा रही है। हालांकि, यात्रा को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से संपन्न करवाने जम्मू कश्मीर पुलिस सहित सुरक्षाबलों द्वारा व्यापक इंतेजाम किए गए हैं।

### दल में ये श्रृद्धालु हैं शामिल

यात्रा में शामिल दल में राजगढ़ जिले से विभाग सह-संयोजक सूजान गुर्जर, जिला मंत्री आशीष मेवाड़े, महाविद्यालय प्रमुख राजू मालवीय, कोषाध्यक्ष बृजकिशोर आनंद, प्रखंड अध्यक्ष पवन सौंधिया, बालचंद किरार, गोविंद रूहेला, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका रामकला तोमर, मातृशक्ति जिला संयोजिका नंदिनी बैरागी, नगर अध्यक्ष दीपक यादव, हेमराज तंवर सहित अन्य शामिल हैं।

## नाबालिग को लेकर भागा 26 वर्षीय युवक, परिजन बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

समीप गांव हाजीपुर से एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को गांव का ही 26 वर्षीय युवक शानू पिता भर्थहरि शनिवार को भगा ले गया। घटना के बाद से पीड़ति परिवार गहरे सदमे में है। परिजनों का आरोप है कि बार-बार थाने जाने के बावजूद पुलिस से उन्हें कोई ठोस मदद नहीं मिल रही। शुक्रवार दोपहर लगभग तीन बजे लड़की के माता-पिता सारंगपुर थाने पहुंचे और थाने के बाहर रोते हुए अपनी पीड़ा साझा की। युवती की मां फूट-फूटकर रो पड़ी और बताया कि उनकी सिर्फ एक ही बेटी है,जिसे बहला-फुसलाकर ले जाया गया। थाना प्रभारी आकांशा हाड़ा ने बताया कि आरोपी युवक शानू का मोबाइल लगातार बंद आ रहा है। पुलिस ने उसका सीडीआर निकलवाया है और नंबर को सर्विलांस पर रखा गया है। आरोपी के परिजन भी घर में ताला लगाकर गायब हैं। रिश्तेदारों पर निगाह जारी हैं, वही विवेचना अधिकारी के अनुसार,अब तक आरोपी की तलाश में पुलिस पांच बार गांव पहुंच चुकी है, लेकिन हर बार घर बंद मिला। अब पुलिस आरोपी के रिश्तेदारों की जानकारी जुटाकर कार्रवाई की दिशा में आगे बढ़ रही है। पीड़ति परिवार की अपील पीड़िता के पिता ने प्रशासन से अपील की है कि उनकी नाबालिग बेटी को जल्द से जल्द सुरक्षित ढूंढा जाए और आरोपी पर सख्त कार्रवाई हो।

## खबर संक्षेप

### ट्रॉले की चपेट में आए पिता व पुत्र, बेटा घायल

**आष्टा।** शहर के व्यस्ततम मार्ग कन्नौद रोड पर बाइक पर सवार पिता पुत्र आगे चल रहे ट्राले की चपेट में आ गए। जिसके चलते पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल किया रेफर। आष्टा थाना प्रभारी गिरीश दुबे ने जानकारी देते हुए बताया की कन्नौद रोड पर ट्राले ने मोटर साइकिल पर सवार को टक्कर मार दी। जिससे मोटर साइकिल पर सवार पिता पुत्र में से बेटे को गंभीर चोटे आई। जिसे ईलाज के लिए आष्टा सिविल अस्पताल भेजा है। वही ट्राले को पुलिस ने जब्त कर आगे की कार्यवाही कर रही है। घायल बच्चे का नाम नैतिक पिता भाल सिंह निवासी पाडलिया बताया गया है।

### पेड़ से लटका मिला व्यक्ति का शव

**सीहोर।** मंडी थाना क्षेत्रांतर्गत सोया चौपाल के समीप पहाड़ी पर एक पेड़ से लटके व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी का माहौल निर्मित हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर उसकी शिनाख्त कराई। जिसमें पता चला कि उक्त शव भोपाल के कोलार निवासी एक व्यक्ति का है। पुलिस ने शव का पीएम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडी थानातंर्गत आने वाले रफीकगंज ढेकिया स्थित पहाड़िया पर अनेक क्रेशर लगी हैं जहां से डम्पर मुरम भरकर नीचे उतरते हैं। बताया जाता है कि रविवार की सुबह एक डम्पर चालक को झाड़ियों के पीछे एक पेड़ पर फांसी के फंदे में शव लटका नजर आया। उसने इसकी जानकारी अन्य लोगों को दी। इसके बाद मंडी पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा और उसकी तलाशी ली। जेब में एक पर्ची मिली जिसमें फोन नंबर लिखे थे। पुलिस ने जब एक नंबर पर कॉल किया मृतक के पिता से बात हो गई। कोलार की सर्वधर्म कालोनी निवासी कैलाशचंद ने पुलिस को बताया कि उसका 45 वर्षीय पुत्र विक्रम शुक्रवार से बिना बताए घर से चला गया है। पुलिस ने जब मृतक का फोटो भेजा तो उन्होंने शिनाख्त करते हुए बताया कि उनके पुत्र विक्रम का तीन माह पूर्व सड़क हादसा हुआ था जिसमें उसकी एक आंख की रोशनी चली गई थी तो दिमाग पर भी चोट का असर हुआ था। वह अक्सर घर से चला जाता था इसलिए उन्होंने उसकी गुमशुदगी की रिर्पोट दर्ज नहीं कराई थी।शव का पीएम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

### भारी बारिश के बीच आईं ग्रामीणों इलाकों से परेशानी कीं तस्वीरें, बिगड़े हालात

# पुल-पुलियों पर पानी होने से बच्चे नहीं पहुंचे स्कूल, अंतिम संस्कार के लिए किया इंतजार

शनिवार को हुई बारिश से ग्रामीण इलाकों में जनजीवन अस्त-व्यस्त देखने को मिला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

बीते शनिवार को हुई मूसलाधार बारिश से कई गांवों के बच्चों को आज भी बरसात के दिनों में घुटनों और कमर तक पानी को पार कर शिक्षा हासिल करने जाना पड़ता है तो ग्रामीणों को अंतिम संस्कार भी नदी नालों को पार करके करना पड़ रहा है। गौरतलब है की क्षेत्र में शनिवार को कई घंटों तक हुई लगातार बारिश से ग्रामीण इलाकों में जन जीवन अस्त-व्यस्त देखने को मिला। आष्टा विधानसभा क्षेत्र के दर्जनभर से ज्यादा पुल पुलियों, नालों के ऊपर पानी बहने से ग्रामीणों का काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जिसके कारण कई गांवों का तहसील मुख्यालय से संपर्क कट गया है।

### पहली तस्वीर: स्कूल जाने से वंचित विद्यार्थी, नाला पार करना मजबूरी



शनिवार की रात भर से जारी बारिश शनिवार अल सुबह तक जारी रही जिसके चलते नदी नाले उफान पर रहे इसी के चलते आष्टा विधानसभा के रोला गांव में पुलिया पर पानी होने से छात्रों को पढ़ाई करने के लिए नाला पार करना मजबूरी बन गया है यदि पानी का तेज बहाव रहता है तो बच्चे स्कूल जाने से वंचित रह जाते हैं। दरअसल आष्टा जनपद इलाके के रोला गांव में प्राथमिक, हाई स्कूल तो है लेकिन हाई सेकंडरी स्कूल नहीं होने से गांव के बच्चे पढ़ने के लिए खामखेड़ा जाते हैं और कई बच्चे बारिश के दिनों में नाला पार कर स्कूल जाते हैं. नाला पार करने के दौरान उनके परिजन भी साथ रहते हैं नाला जब बहुत ज्यादा उफान पर होता है तो बच्चे स्कूल नहीं जाते और पानी कम होने का इंतजार करते हैं. इस दौरान बच्चों की पढ़ाई बंद रहती है। इसको लेकर ग्रामीण लंबे समय से पुल बनाने की मांग कर रहे हैं।

### दूसरी तस्वीर: अंतिम संस्कार के लिए ग्रामीणों को नाला पार कर जाना पड़ता है

आजादी के वर्षो बाद भी इस तरह की ऐसी तस्वीरें जब



सामने आती है तो तकलीफें देती हैं क्योंकि आजाद भारत के विकसित होते मध्यप्रदेश में यदि इस तरह के फोटो सामने आते हैं ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे लोगों की परेशानी समझना लाजमी है जहां ग्रामीणों को वर्षो बाद भी श्मशान के जाने के मार्ग पर सड़क, पुलिया भी नसीब न हो तो फिर इस तरह बारिश के मौसम में किसी भी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। दरअसल आष्टा जनपद के ग्राम पंचायत शम्भुखेड़ी में श्मशान घाट जाने वाले मार्ग पर तेज बारिश में नाले का पानी आ जाता है जिससे ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के लिए घंटों तक पानी उतरने का इंतजार करना पड़ता है शनिवार को भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला जब शम्भुखेड़ी में एक स्थानीय ग्रामीण की अंतिम संस्कार के पहले तो पुलिया पर पानी कम होने के लिए घंटों तक इंतजार करना पड़ा वही पानी कम होने के बाद अंतिम यात्रा में लोग बहते पानी के बीच से होकर गुजरते हुए नजर आए।

### तीसरी तस्वीर: घटना से नहीं लिया सबक, जान जोखिम में डालकर निकलते हैं



तीसरी तस्वीर भी आष्टा से महज कुछ किलोमीटर दूर बफ़ापुर मुगली सड़क मार्ग पापनाश पुलिया की है जहां जान जोखिम में डालकर लोग बहते पानी से निकल रहे हैं। दरअसल सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया जिसमें आष्टा जनपद के मुगली सड़क मार्ग पर स्थित पपनाश नदी की पुलिया पर थोड़ी सी बारिश में पुलिया के ऊपर पानी आ जाता है जिससे आवागमन बंद हो जाता है इसके बावजूद लोग जान जोखिम में डालकर बहते पानी से भी निकलने से नहीं डरते हैं आपको बता दें की कुछ वर्ष पूर्व इसी पापनाश पुलिया पर से एक बुलेरो वाहन बह गया था जिसमें दो मासूम बच्चे सहित कुल तीन लोगों की पानी के बहाव में बहने से मौत हो गई थी। जब से यह पुलिस प्रशासन सावधानी बरतने की ग्रामीणों, राहगीरों को हिदायत देता है और दोनों तरफ बैरिकेडिंग कर आवाजाही बंद कर देता है लेकिन फिर भी यह पुलिया पर पानी होने के बाद जान जोखिम में डालकर राहगीरों की आवाजाही देखने को मिल जाती है। वही ग्रामीण यह भी पुल बनवाने की लम्बे समय से मांग कर रहे हैं।

### चौथी तस्वीर: भारी बारिश में पुल पर पानी, शिक्षक ड्यूटी जाने को मजबूर



इन दिनों शिक्षा विभाग ने स्कूलों में ई अटेंडेंस प्रणाली लागू कर दी है लेकिन इसका विरोध भी देखने को मिल रहा है। भारी बारिश में आष्टा विधानसभा के एक अतिथि शिक्षक की पीड़ा भी देखने को मिली है जो नदी में आई बाढ़ पर बोले क्या अब हम नदी में तैरकर जाय। गौरतलब है की मध्यप्रदेश में शासकीय स्कूलों में बतौर अतिथि शिक्षक का कार्य कर रहे शिक्षकों के लिए शिक्षा विभाग ने ई अटेंडेंस लगाने के निर्देश जारी किए हैं ऐसे में आष्टा में बीती शनिवार की रात को हुई मूसलाधार बारिश से नदी नाले उफान पर थे जिसके चलते आष्टा के ग्राम लाखिया में नदी उफान पर रहने के कारण आवाजाही बंद हो गई तो एक अतिथि शिक्षक का दर्द झलक उठा और मोबाइल के कैमरे पर बोले क्या अब हम नदी में तैरकर जाय यदि हमारे पास अवकाश की पात्रता होती तो हम अवकाश ले लेते और इस ई अटेंडेंस का विरोध करते हैं।

# निरीक्षण कर अस्पताल की जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के दिए निर्देश

### तय समय में नहीं हटा अतिक्रमण तो होगी कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्राम मेहतवाड़ा में तहसीलदार, ब्लाक मेडिकल आफिसर, बिक्रम सिंह खटीक द्वारा पुराने अस्पताल की अधिग्रहित भुमि कुल रकबा 34 डेसिमल और आवंटित भूमि 371/1 रकबा 0.085 (20डेसिमल) आदि पर मौजूद अवैध अतिक्रमण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण करने वालों को निर्देश दिए कि दो दिनों में अपना अपना अतिक्रमण स्वेच्छा से हटाले, अन्यथा प्रशासकीय कार्रवाई के द्वारा हटाया जाएगा।

तहसीलदार ने कान्ट्रेक्टर, पीडब्ल्यूडी इंजीनियर तथा स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से प्रारंभ करवाएं। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों और ठेकेदार के कर्मचारियों को निर्देश दिए कि यदि इस निर्माण कार्य में कोई भी अड़ंगा लगाता है तो तत्काल मुझे सुचना दें। कलेक्टर द्वारा आवंटित भूमि का सीमांकन 24 जुलाई को किया गया था। जिसकी चतुर सीमाओं का निरिक्षण भी किया गया है। तथा समस्त ग्राम वासियों की बैठक ली गई। जिसमें ग्राम वासियों को इस विषय समझाया गया। उपस्थित गणमान्य में गगन सिंह ग्राम प्रधान, गगन सिंह पूर्व सरपंच, देवेन्द्र भावसार, मान सिंह पाटीदार, कुमेर सिंह पहलवान, धर्मेन्द्र सिंह पहलवान, बलवान सिंह जागीरदार, जितेन्द्र सिंह पहलवान ,नारायण सिंह, धनसिह, राजेन्द्र सिंह ,राजेन्द्र सिंह, रायसिंह पहलवान, अंकित पहलवान, संजय सिंह पहलवान, प्रेम सिंह,फतेह सिंह, फूल सिंह, अमोद कुमार जैन, महेश कुमार, राजेन्द्र सिंह केशव पूर्व मंडल अध्यक्ष, गजराज सिंह, देवि सिह पहलवान, अशोक वर्मा,सवाईमल जैन, देवकरण सिंह राणा, चेतन सिंह, पूरण सिंह, भैरूसिंह, दीपक, जीवन सिंह आदि उपस्थित रहे।

### तपोभूमि देवबड़ला में कांवड़ और कलश यात्रियों ने बाबा विल्वैश्वर महादेव को किया जल अर्पण



**जावर।** मां नेवज नदी के उद्गम स्थल व पुरातात्विक धरोहर देवांचल धाम देवबड़ला बिलपान में रविवार को सुबह से शाम तक भक्तों का ताता लगा रहा मंदिर समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह भगत जी व कुंवर विजेंद्र सिंह भाटी ने बताया रविवार को सुबह से शाम तक भक्तों का आना-जाना लगा रहा इसी बीच ग्राम अगेरा सोनकच्छ से कावड़ एवं कलश यात्रा देवबड़ला पहुंची ठाकुर कृपाल सिंह अगेरा ने संगीतमय एक दिवसीय कावड़ एवं कलश यात्रा का आयोजन किया बड़ी संख्या में माता बहने व श्रद्धालु ग्राम अगेरा से सुबह 8 बजे जल भरकर देवबड़ला के लिए निकले डिजे कि ताल पर थिरकते हुए दोलतपुर, सरहदी,पारदी खेड़ा,खरसी,बरदरी होते हुए यात्रा तीन बजे देवबड़ला पहुंची जहां पर बाबा विल्वैश्वर महादेव का जलाभिषेक व पुजा आरती कर क्षेत्र की सुख शांति एवं समृद्धि के लिए मंगल कामनाएं की व कृपाल सिंह अगेरा द्वारा सभी को भोजन प्रसादी खिलाकर यात्रा का समापन किया गया यात्रा का जगह जगह अल्पाहार व स्वागत सत्कार किया देवबड़ला स्मारक इंचार्ज कुंवर विजेंद्र सिंह भाटी व कृपाल सिंह अगेरा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# महिला मंडल कांवड़ यात्रा का परमार परिवार ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर से प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्रावण मास में नवरत्न गजानन महिला मंडल काछि मोहल्ले से महिलाएं प्राचीन शंकर मंदिर पार्वती नदी तट से जल भरकर कावड़ लिए पैदल कुबेरेश्वर धाम के लिए बैंड बाजे ढोल नगाड़े व बाबा भोलेनाथ के जय कारों के साथ रवाना हुई। नगर में भक्त जनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत सम्मान किया। ग्राम किलेरामा में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, मधुसूदन परमार, सुरेंद्र परमार, वीरेंद्र परमार, लोकेंद्र परमार, हंसराज परमार, ने अपने निवास पर विधि विधान से कावड़ जल की पूजन अर्चना कर कावड़ यात्रियों का पुष्पमाला एवं सल्फहार कराकर स्वागत सम्मान किया कावड़ यात्रियों में प्रमुख रूप से सुशील कुशवाहा, रवि कुशवाहा, मुकेश कुशवाहा, बंटी कुशवाह, विजय कुशवाहा, ऋतिक कुशवाह अजय कुशवाहा रवि बागवान, जितेन्द्र साहू अर्जुन साहू, विमल राठौर अज्जू ज्योति बैंड एवं राखी सुरेन्द्र परमार ने कावड़ यात्रा की प्रमुख मातृशक्ति अखिल भारतीय कुशवाहा महिला महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष गीता नरेंद्र कुशवाहा एवं नवरत्न गजानन महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती अनीता बबनराव माहडिक, श्रीमती गीता भेरूलाल कुशवाहा पार्वती बाई कुशवाहा कमला बाई कुशवाहा, छोटी बाई कुशवाहा, पुष्पा कुशवाहा मनीषा कुशवाहा, संतोष जीजी, शगुन बाई, गायत्री कुशवाह, मंजू कुशवाहा, स्वाति कुशवाहा, आयुषी कुशवाहा, आरती कुशवाहा, कोमल कुशवाहा, सभी मातृ शक्तियों का स्वागत सम्मान किया। अंत में कुशवाहा समाज जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद ने सभी कावड़ यात्रियों को बधाई शुभकामनाएं देते हुए परमार परिवार का आभार व्यक्त किया।

# कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आष्टा में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक सह समन्वयक अनील कुमार वास्तव द्वारा की जिसमें ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले समस्त संकुलों एवं सामाजिक चेतना केंद्रों में पर सर्वे कार्य असाक्षरों का पंजीयन अक्षर साथी का पंजीयन की समीक्षा की गई। जिन संकुलों का सर्वे कार्य लक्ष्य के अनुसार कम था उन्हें लक्ष्य पूरा करने हेतु एक माह का समय दिया गया है। और सभी संकुल सह समन्वयको भी सख्त निर्देश दिए गए। संकुल स्तरीय बैठक आयोजित कर समस्त ब्लॉक के नगर पालिक नगर परिषद के समस्त वार्ड तथा समस्त ग्राम नोडल प्रभारियों अवगत कराया जाए कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की सफलता में सबसे अहम कड़ी है। सर्वे कार्य उसे शीघ्र ही पूरा किया जावे। जिससे कार्यक्रम के उद्देश्य की पूर्ति हो सके और 2011 की जनगणना में शेष रहे असाक्षरों को आगामी माहों में होने वाली परीक्षा सम्मिलित किया जाकर साक्षर किया जा सके। इसके लिए प्रत्येक सामाजिक चेतना केन्द्र हेतु अक्षर पोथी का भी वितरण किया। इस अवसर ब्लॉक के सभी संकुलो के सह समन्वयक गजराज सिंह ठाकुर, धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, लखन लाल जोमर, देवराज सोनी, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, विजेन्द्र सिंह ठाकुर, लाड सिंह मालवीय, विजय सिंह ठाकुर आदि संकुल सह समन्वयक उपस्थित थे।

# धर्म ही होता है सच्चा धन: साध्वीवर्या मग्नव्रता श्रीजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के श्री महावीर स्वामी श्वेताम्बर जैन मंदिर, गंज में चातुर्मास हेतु साध्वीमण्डल मंदिर के उपाश्रय में विराजमान है और प्रतिदिन प्रातः 9 से 10.15 तक उनके प्रवचन एवं सत्संग का लाभ सभी को प्राप्त हो रहा है उनके द्वारा करवाये जा रहे धार्मिक आयोजन धर्मानुरागियों के लिये मोक्ष का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। साध्वीमंडल में ढंक तीर्थोद्धारिका साध्वी श्री चारूव्रताश्रीजी की शिष्या साध्वी श्री नम्रव्रता श्री जी, मग्नव्रताश्रीजी और मीतव्रता श्री जी शामिल हैं। रविवार को साध्वीवर्या नें अपने प्रवचन में कहा कि धर्म ही सच्चा धन है। मनुष्य जीवन 84 लाख योनियों में भटकने के बाद मिलता है और इसका उद्देश्य देह के फेर में पड़कर भोग-विलासिता नहीं है। आवश्यकतानुरूप सत्कर्मो से धन कमाना आवश्यक है परंतु हमें धर्म के मार्ग पर चलना है धन के मार्ग पर नहीं, यही मानव जीवन का सार है। प्रवक्ता अतुल सुराणा नें बताया कि आज प्रवचनो के साथ 18 पापस्थानक की अद्भुत संवेदना का आयोजन हुआ जिसमें 18 बहनों की स्पीच, गीत आदि के माध्यम से ऐसे 18 स्थानों का वर्णन किया गया जो मानव जीवन में पाप के स्थान हैं। यूँ तो साँस लेने में भी हिंसा है लेकिन शरीर को चेतन बनाये रखने के लिये अनजानें में कई पाप हो जाते हैं परंतु हमें प्रयास करना हैं कि जानबूझकर कोई पाप न किया जायें और अहिंसा पालन का विशेष ध्यान रखते हुये अनजाने में हुये पापो के लिये प्रतिक्रमण क्रिया के माध्यम से क्षमा वंदना की जाये। ये क्षमा वंदना हमारी दैनिकचर्या में शामिल होनी चाहिये जो जीव को मोक्षगामी बनाती है। साध्वीवर्या नें बताया कि अगले रविवार को संगीतमय गिरनार भाव यात्रा का आयोजन करते हुये प्रभु नेमिनाथ के जीवन चरित्र को एक नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया जायेगा।विभिन्न लाभार्थियों एवं तपस्वियो का बहुमान भी किया गया एवं तपस्या के रूप में आयम्बिल व एकासने का आयोजन हुआ। चातुर्मास के मुख्य लाभार्थी के रूप में श्रीमान मनोहरलाल दीपेन्द्रकुमार पवन कुमार श्रीश्रीमाल परिवार का बहुमान हुआ।

### विधायक ने चाचरसी, पगारिया राम, कुरावर स्कूल में विद्यार्थियों को वितरित की साइकिल

# शिक्षा की राह साइकिल वितरण योजना से हुई आसान: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




पहले एक गांव से दूसरे ग्राम जाने के बालिकाओं के लिये कोई साधन नही होने के कारण वे अपने ग्राम के स्कूल में ही पढ़ाई कर पाती थी,उच्च पढ़ाई के लिये दूसरे ग्राम जाने के लिये साधन के अभाव में वे पढ़ाई में आगे नही जा पाती थी । भाजपा की सरकार जब आई तब बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये, बालक भी ओर आगे पढे,सब आगे बढे के लिये सरकार ने निशुल्क सायकल वितरण योजना शुरू की। उक्त उदगार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आष्टा अनुविभाग के ग्राम चाचरसी,पगारिया राम,एवं कुरावर में निशुल्क सायकल वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों से कहे। विधायक ने कहा की सरकार की इस योजना का उद्देश्य राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने में सुविधा प्रदान करना है। इस योजना के तहत, 6वीं और 9वीं कक्षा में प्रवेश लेने वाले छात्रों को निःशुल्क साइकिलें दी जाती हैं। इस योजना का लाभ उन विद्यार्थियों को प्राप्त होता है जिनके गांव में हाई स्कूल नहीं है या जो 2 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित स्कूल में पढ़ते आते हैं । इस योजना लाभ उन पात्र को मिलता है जो सरकारी स्कूलों में 6वीं और 9वीं कक्षा में प्रवेश लेते है। जिन छात्रों के गांव में हाई स्कूल नहीं है और उन्हें दूसरे गांव में पढ़ने जाना पड़ता है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के कुशल नेतृत्व में बेटियों को आत्मनिर्भर और शिक्षित बनाने की दिशा में निशुल्क सायकल वितरण एक बड़ा सशक्त कदम है। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ विधायक ने स्कूल परिसर में एक पेड़ मा के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। विधायक ने विद्यालयों के प्रमुखों को निर्देश दिये कि वे प्रतिदिन पीटी जरूर कराये।

### कुरावर के शासकीय अजा बालक छात्रावास का किया निरीक्षण

ग्रामीण क्षेत्र के दौरे के दौरान विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने ग्राम कुरावर के शासकीय अ. जा. सीनियर बालक छात्रावास का निरक्षण किया एवं छात्रावास में रहने वाले बालको से चर्चा कर मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली एवं छात्रावास प्रमुख व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक ने बालको के साथ छात्रावास में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर जिला भाजपा के महामंत्री धारासिंह पटेल, बंटी मेवाडा, विष्णु परमार, दिनेश पंवार, राहुल राजपूत, कृपाराम मितवाल बीईओ प्रमोद कुशवाह, बीआरसी अजबसिंह राजपूत सहित सभी शिक्षक, विद्यार्थी उपस्तिथ थे।

# नागेश्वर मंदिर पर दिन में राम कथा और रात में हो रही देवनरायण कथा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

मेहतवाड़ा में नागझिरी के नाग नागेश्वर महादेव मंदिर पर चल रही राम कथा में भगवान राम का जन्म उत्सव मनाया। इस अवसर पर कथावाचक संत उद्धव दास ने बताया कि भगवान राम ने मानव अवतार क्यों लिया। इस विषय पर अनेक कथाओं के माध्यम से जनमानस को समझाया, नागझिरी पर चल रही सात दिवसीय कथा दिन में राम कथा व रात्रि में देवनारायण कथा प्रतिदिन चल रही है। जिसमें गांव-गांव से सैकड़ो की तादाद में लोग भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर कथा का लाभ ले रहे। कथा का समापन नाग पंचमी पर भंडारे के साथ होगा मंदिर निर्माण समिति ने अधिक से अधिक लोगों को इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आग्रह भी किया।